सत्यमेव जयते

**राजस्थान राजपत्र**
**विशेषांक**

**RAJASTHAN GAZETTE**
**Extraordinary**

**साधिकार प्रकाशित**

**Published by Authority**

भाद्र 27, गुरूवार, *शाके* 1947- सितम्बर 18, 2025
Bhadra 27, Thursday, Saka 1947- September 18, 2025

भाग 6 (क)

नगरपालिकाओं संबंधी विज्ञप्तियां आदि।

**स्वायत शासन विभाग, राज. जयपुर**

अधिसूचना

**जयपुर, सितम्बर 01, 2025**

**संख्या प.10(न.पा.)(गठन)( चुनाव)डीएलबी/25/17961 :-**राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 की धारा 3 एवं 10 तथा राजस्थान नगर पालिका (निर्वाचन) नियम, 1994 के नियम 3 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला कलक्टर पाली द्वारा स्थानीय निकाय नगर पालिका तख्तगढ़ हेतु वार्ड गठन के प्रारुप आदेश पर प्राप्त आपत्तियों के संबध में प्रस्ताव, अपने अभिमत सहित प्रेषित किये गये हैं। वार्ड गठन के प्रारुप आदेश पर आपत्तियों पर विचार करने के पश्चात राज्य सरकार उनके अभिमत से सहमत है तथा उनके द्वारा प्रस्तावित वार्ड गठन के प्रारुप आदेश को अनुमोदित करती है।

यह सक्षम स्तर से अनुमोदित हैं ।

**राज्यपाल की आज्ञा से,**

जुईकर प्रतीक चन्द्रशेखर,
**निदेशक एवं विशिष्ट शासन सचिव।**

**नगर पालिका तख्तगढ का सीमा विवरण प्रपत्र-क वर्ष-2025**

| वार्ड सं. | सीमा विवरण | जनसंख्या |
|---|---|---|
| 01 | इस वार्ड की सीमा प्रारम्भ श्री वीराराम पुनमाजी सुथार के बेरे से होते हुए भीलों की बस्ती के मकानात लेते हुए जोधा नगर की बस्ती लेते हुए पादरली रोड़ पर बस्ती ढोलियो की बस्ती लेते हुए पश्चिमी दिशा की कृषि भूमि लेते हुए होकावा बस्ती लेते हुए हीरसिंह की दुकान से पश्चिमी उत्तरी दिशा के समानात मकान लेते हुए गेनाराम कुमावत की गली लेते हुए हेमाराम की गली लेते हुए वीरसिंह की गली आमने-सामने मकानात लेते हुए भंवरसिंह की गली लेते हुए भूरसिंह के मकान लेते हुए फाऊलाल रावल का मकान के समानान्तर मकान लेते हुए नारायणसिंह के मकान से उल्लारिया मार्ग पर उत्तरी दिशा के मकान लेते हुए फुटरदास वैष्णव की गली में आमने-सामने मकानात लेते हुए पुनाराम भील की गली लेते हुए सोमियो डोली तक। | 769 |

| | | |
|---|---|---|
| 02 | इस वार्ड की सीमा प्रारम्भ बाबुजी पुत्र हिन्दुजी के नोहरे से होते हुए पाबुबाई हिन्दुजी के मकान से रसीद कुरेशी के मकान होते हुए भंवरमीणा एवं कोर्नर पर कन्हैयालाल कुम्हार के मकान से दक्षिणी पश्चिमी दिशा उलारिया धाम से कृषि भूमि लेते हुए बाबुलाल मीणा के समान्तर मकान लेते हुए आसुराम चौधरी की गली एंव आमने-सामने मकान लेते हुए बाबु भारती की गली रमजान खां की गली लालजी सुथार के मकान के आमने-सामने मकान लेते हुए रामाजी प्रजापत के मकान एवं उलारिया मार्ग मानाराम प्रजापत के आमने-सामने मकानात लेते हुए चम्पाबाई कुमावत व दिनेश भारती का मकान लेते हुए सामुदायिक भवन के आमने-सामने मकान लेते हुए नेमजी पुत्र भीखाजी के दुकान तक। | 769 |
| 03 | इस वार्ड की सीमा प्रारम्भ बाबुजी हिन्दुजी के नोहरे से रामदेव गली में प्रवेश कर आमने सामने के सम्पूर्ण मकानात लेते हुए पूनाराम सगताजी के मकान लेते हुए पीताम्बर सम्पूर्ण गली लेते हुए वगताजी जोधाजी बडवाल के मकानात कतार लेते हुए टांवर वाली गली लेते हुए पी.एल. मिस्त्री हाउस के सम्पूर्ण मकानात लेते हुए पुराना बस स्टेण्ड तक। पुनः पी.एल. मिस्त्री के मकान की कतार होते हुए देवाराम चौधरी के कुए तक सम्पूर्ण बस्ती लेते हुए भबुतजी चौधरी के मकान की कतार लेते हुए शिवलाल के मकान की सम्पूर्ण गली एवं राधाबाई की गली में प्रवेश कर सम्पूर्ण बस्ती लेकर रामारामजी अध्यापक के मकान की कतार लेते हुए नेमजी भीखाजी के मकान तक। | 873 |
| 04 | इस वार्ड की सीमा पुराना बस स्टेण्ड राजेश्वर काम्पलेक्स होते हुए अस्पताल एवं स्कूल नम्बर-02 तक कन्या पाठशाला से तोलजी सोनी के मकान से पानी की टंकी से प्रवेश कर टेकाराम के गैरेज की गली के आमने-सामने मकानात लेते हुए हीराचन्द मेघराजजी का नोहरा लेते हुए रामदेव मन्दिर से होते हुए देवीचन्द जैन के मकान की कतार लेते हुए सतीश नागर एवं कन्हैयालाल अरोडा के मकानात लेते हुए शेषमल सुथार की सम्पूर्ण गली एवं जयन्तिलाल सुथार की सम्पूर्ण गली लेते हुए हनुमानजी मन्दिर के पूर्व दिशा के मकानात लेते हुए हेडगेवार उद्यान के दक्षिण में सोहनलाल की सम्पूर्ण गली लेते हुए हनुमान मन्दिर के पश्चिम में भूरमल बन्दारा की सम्पूर्ण गली एवं मदनजी बन्दारा की सम्पूर्ण गली लेते हुए उत्तरी दिशा में छात्रावास होते हुए बेदाना मार्ग पर उत्तरी दिशा में कुटुम्ब कॉलोनी एवं सुभाष नगर की सम्पूर्ण बस्ती लेते हुए आगे कृषि भूमि लेते हुए मोहनलाल पुत्र पूराजी कुमावत के बेरे तक। | 649 |
| 05 | इस वार्ड की सीमा नेहरू बाल उघान के उत्तरी दिशा में प्रवीण कुमार/फुटरमल नागर के मकान से प्रकाशचंद दलीचन्द सोनी के मकान से मांगीलाल सुथार की सम्पूर्ण गली लेते हुए सुखराज जीनगर के मकान लेते हुए देवीचंद सोनी के मकान से होते माताजी मंदिर के पूर्व दिशा की कतार लेते हुए रामदेव पार्क के उत्तर दिशा के मकानात की कतार लेते हुए शान्ति देवी/केसाराम की कतार लेते हुए आदाजी कुम्हार का मकान लेते हुए राजूसिंह बालोत की गली के आमने-सामने गली लेते हुए वेदाना मार्ग के दक्षिण में सम्पूर्ण बस्ती लेते हुए मदनजी | 700 |

| | | |
|---|---|---|
| | रावल की सम्पूर्ण गली लेते हुए वर्धमान नगर में बसी सम्पूर्ण बस्ती एवं मानसरोवर कॉलोनी तक। | |
| 06 | इस वार्ड की सीमा पुलिस थाना के उत्तरी दिशा में आगे इन्द्रमल छीपा के मकान की कतार लेते हुए उम्मेदमल रावल मकान छोगाराम कुम्हार का मकान लेते हुए नेहरू बाल उघान की पश्चिम दिशा में राधाबाई स्वरूपजी सुथार के मकान की कतार लेते हुए बर्फ फैक्ट्री के आगे बगदाराम कुम्हार का मकान लेते हुये माताजी मंदिर के उत्तरी कतार के पश्चिम कतार लेते हुए आंगनवाडी की दक्षिण की कतार लेते हुए ओकाराम कुम्हार से घेवरचंद सोनी के मकान से मुलीबाई के मकान तक इन्द्र कृषि फार्म से गणेशजी मूलाजी के मकान के आमने-सामने मकानात लेते हुए हिम्माजी माली की गली एवं पुराना पावटा रोड पर मकानात लेते हुए वागाराम कुमावत की गली में सम्पूर्ण मकान लेते हुए पुनमंचद खण्डेलवाल की गली लेते हुए राजेश्वर भारती की कतार लेते हुए गौरीशंकर रावल के आमने-सामने के मकानात तक। | 570 |
| 07 | इस वार्ड की सीमा प्रारम्भ पुलिस थाना परिसर लेते हुए पुनाराम सुथार(कैलाश ऑफसेर) के घर लेते हुए पुलिस थाना के दक्षिण में उम्मेदमल रावल की दुध डेयरी से होते हुए अर्जूनसिंह राजपुत के मकान लेते हुए पीतल फैक्ट्री के परिसर की सम्पूर्ण बस्ती लेते हुए रावल धर्मशाला के पीछे हनुमानजी रावल उमाशंकर रावल की सम्पूर्ण बस्ती लेते हुए हेमाजी सुथार चुन्नीलाल माली की गली के आमने-सामने मकान लेते हुए कुयाराम सुथार की गली में आमने-सामने मकानात लेते हुए जीवाराम लुहार के मकान की कतार लेते हुए दीपाराम जीनगर के मकान लेते हुए कुन्दनमल रावल की गली के आमने-सामने मकानात लेते हुए अशोकजी माथुर के मकान होते हुए सरेमल कॉलोनी, शिवाजी नगर (पदमाराम आश्रम) गणपति कॉलोनी, अभय नोबल स्कूल, राजेन्द्र नगर एवं जालोर रोड ओंकार नगर, शिवाजी नगर, परिवार कॉलोनी, शान्ति नगर, अरिहंत नगर एवं पश्चिमी दिशा में बसी कॉलोनी, कुशल नगर के आगे कृषि भूमि (भुतेश्वर) पर बसी बस्तीया लेते हुए पुनः कस्बे की ओर शिव कॉलोनी एवं पेट्रोल पम्प के पास सम्पूर्ण आदर्श बस्ती लेते हुए सिचांई कॉलोनी सहकारी समिति के आगे उम्मेदमल सुथार की दुकान तक। | 569 |

| | | |
|---|---|---|
| 08 | इस वार्ड की सीमा बीठिया प्याऊ से कृषि भूमि लेते हुए बायोसा मन्दिर कृषि भूमि लेते हुए शिव शक्ति नगर, कृष्णा नगर गैस एजेन्सी की कतार मकानात लेते हुए लखमाजी भूताजी कृषि भूमि लेते हुए हनुवन्त नगर की सम्पूर्ण बस्ती लेते हुए जितू सिंह के ऑफिस से उत्तरी की और विष्णु कॉलोनी, शास्त्री नगर, केशाराम कुम्हार व सीताबाई वैष्णव के मकानात लेते हुए चुन्नीलाल जी सुथार रामदीन नगर (शंकर नगर) बस्ती बाबूजी भंवर जी सुथार के मकानात लेते हुए भैराराम कसनाजी के मकानात के आमने-सामने के मकानात लेते हुए वीसाराम के आमने-सामने के मकानात लेते हुए जलदाय कॉलोनी के पश्चिम में रसूल खां मकानात होते हुए गुदड खां के मकान के सामनान्तर पश्चिम दिशा के मकानात की कतार लेते हुए महादेव जी मन्दिर तक एवं जलदाय कॉलोनी कि उत्तरी बस्ती लेकर नेहरू रोड़ तक एव तालाब के उत्तरी में भंवरसिंह का मकान मुख्य सड़क पर मीठालाल रावल, साकलचन्द रावल के मकानात लेते हुए नये बस स्टेण्ड की तरफ पशु चिकित्सालय के सामने की बस्तियों लेते हुए नया बस स्टेण्ड के पूर्व की सम्पूर्ण बस्ती लेते हुए बैंक ऑफ बडौदा की कतार के मकानात लेते हुए श्री अमीचन्द जी सुथार का मकान पी.एल.मिस्त्री रिचर्स सेन्टर सुमेरपुर चौराया तक के पूर्व की बस्ती तक। | 680 |
| 09 | इस वार्ड की सीमा प्रारम्भ अवस्थी हॉस्पीटल से राजेश मेवाडा के मकान होते हुए हनीफ कुरेशी की दुकान होते हुए लच्छीराम हरिजन के मकान होते हुए लच्छीराम हरिजन गली के मकान आमने-सामने लेते हुए मंछाराम मीणा व शौकत खां की गली के आमने-सामने की कतार लेते हुए देवाराम पत्रकार का मकान के सामान्तरण मकान लेते हुए भुराराम देवासी के आमने-सामने मकान लेते हुए दक्षिण दिशा में देवासी का मकान लेते हुए पश्चिम में आमने-सामने मकान लेते हुए नारायणजी खटीक के मकान के दक्षिणी दिशा में प्रवेश कर विश्वकर्मा कॉलोनी की सम्पूर्ण बस्ती लेते हुए पुनः नारायणजी खटीक के मकान की कतार लेते हुए लुम्बाराम खटीक एंव प्रभुराम कुम्हार की दुकान के उत्तर दिशा समानान्तर मकान लेते हुए गुल मोहम्मद मुसलमान के घर तक मोचीयो की सम्पूर्ण गली लेते हुए वाटर वर्क्स कॉलोनी नेहरू रोड़ पर मार्बल फैक्ट्री एवं रैन बसेरा तक। | 768 |
| 10 | इस वार्ड की सीमा स्कूल नम्बर-01 के पश्चिम दिशा के मकान लेते हुए मानारामजी मेघवाल की गली लेते हुए चौपाराम देवासी के मकान से दक्षिणी दिशा में मिश्रीमल हरिजन के मकान के आमने-सामने मकान लेते हुए राम रहीम कॉलोनी की सम्पूर्ण बस्ती भूरजी मेघवाल के आमने-सामने के मकान लेते हुए लीला देवासी के आमने-सामने मकान लेते हुए गुलाबचन्द जीनगर के मकान से पुखराज मेघवाल के मकान के सामने मकान लेते हुए बालमजी मन्दिर वाली गली एवं मादाराम मीणा के मकान के आमने-सामने के मकानात लेते हुए शनिश्चर मन्दिर एवं हापाराम मीणा की गली लेते हुए आंगनवाडी केन्द्र से होते हए हरतींगाराम देवासी तोलदास देवासी के मकान तक एवं संतोषी नगर में बसी | 769 |

| | | |
|---|---|---|
| | सम्पूर्ण कॉलोनी फालना रोड़ तक एंव पूर्व की दिशा में शास्त्री नगर एवं सतनाम कॉलोनी में बसी मकानात लेते हुए पीताराम हीरागर के गली में चलकर रामदेव स्कूल तक कपूरजी मेघवाल की गली आमने-सामने मकानात लेते हुए बगदाराम पुत्र टीकमाजी मेघवाल के घर तक। | |
| 11 | इस वार्ड की सीमा डायाराम सुथार की दुकान से दक्षिण दिशा में चलकर नवीन आरसीसी वाले के मकान लेते हुए महेन्द्र कुमार मोहनलाल मेघवाल के समानान्तर मकान लेते हुये कोर्नर पर मोहनलाल के मकानात लेते हुए खीमाराम मेघवाल के घर तक एंव नवीन कुमार के सामने वाला गली में चलकर आमने-सामने मकानात लेते हुए जवाहरनाथ की गली लेते हुए मालनाथ के मकान तक एवं शेषनाथ के मकान तक एवं भूराराम देवासी के समानान्तर महावीर सागर कॉलोनी लेते हुये जीवन बस्ती गली के पश्चिम दिशा की कतार लेते वरदाराम देवासी के मकानात होते हुये देवाराम देवासी दक्षिणी कतार के सामान्तर मकान लेते हुए प्रागाराम पुत्र फगलुजी के मकान तक एवं नेहरू रोड़ के सामने मातेश्वरी भवन एवं गाडोलिया लौहार के मकानात लेते हुए तालाब के पास तक एवं कबीर द्वारा एवं बाबुखां के मकान की कतार लेते हुए नेहरू रोड़ तक। | 768 |
| 12 | इस वार्ड की सीमा का प्रारम्भ जैसाराम मीणा व मोहन घांची के मकान की कतार लेते हुए विरजी चौधरी तक एवं कुयाराम देवासी का मकानात आमने-सामने मकानात लेते हुये समेलाराम ओटाजी की कतार लेते हुए हंसाराम देवासी की मकान के समान्तर लेते हुए अम्बिका कॉलोनी एवं भूबाराम हीरागर व पुनाराम हीरागर का मकान लेते हुए नेहरू रोड़ अचलाराम हीरागर का मकान लेते हुए चेतनाराम हीरागर के मकान से फकरू खां का मकान लेते हुए तलसाराम देवासी के मकान होते हुए छगनलाल के मकान के आमने-सामने के मकानात लेते हुए सकाराम घांची की शंकर सिंह सोढा की गली के आमने-सामने के मकानात लेते हुए कन्हैयालाल एवं शंकरलाल के आमने-सामने के मकान भैराराम हरिजन के मकानात की कतार लेते हुए गजाराम देवासी साकलाराम देवासी के मकान लेते हुए तालाब तक एवं रमेश हरिजन के मकान से गौरव पथ की ओर मादाराम शेषाराम के सामने की कतार लेते हुए एवं गली के आमने-सामने के मकान जेठारामजी मकान लेते हुए कालूजी मीणा के मकान तक लक्ष्मण मीणा के मकान प्रताप की गली लेते हुए मीणों की बस्ती सरस्वती नगर कृषि भूमि लेते हुए हनुमान जी मन्दिर भैरूजी मन्दिर की और कृषि भूमि लेते हुए करणी महिमा नगर, श्रीराम कॉलोनी एवं रूपरजत नगर कॉलोनी में स्थित जोशी हॉस्पीटल की कृषि भूमि में बसी बस्तियों को लेकर साईबाबा नगर एवं शंकुर खां के मकान से होते हुए गोगाजी मन्दिर होते हुए सुभाष मेवाडा के मकान लेते हुए लुम्बाराम घांची के मकान के सामने केसाराम घांची के मकानात होते हुए पश्चिम की ओर गाजी खां के पास सम्पूर्ण मकान लेते हुए उत्तरी दिशा में रमजान खां के मकानात होते हुए तक। | 769 |

| | | |
|---|---|---|
| 13 | इस वार्ड की सीमा का प्रारम्भ जगरामजी जाट के बेरे से होते हुए फालना रोड़ कर वगताराम तरीगर की कृषि भूमि लेकर निहारगर लैण्ड कॉलोनी की सम्पूर्ण बस्ती लेते हुए शंकरलाल धोबी की कॉलोनी लेते हुए सामुदायिक भवन होते हुए आंगनवाडी के सामने जवानाराम प्रजापत के मकान के आमने-सामने मकान लेते हुए वरदाराम घांची की गली के आमने-सामने मकान भीकोबा गली के मकान से फुटरदास वैष्णव के प्लोट के पूर्व दिशा में जैसाराम घांची के मकान की कतार लेते हुए सदीक मोहम्मद की गली के आमने-सामने के मकानात एंव सब गलियों की बस्तियों लेते हुए मन्नालालजी चौधरी के मकान एवं आंगनवाडी के दक्षिण में सरफुदीन के मकान की कतार लेते हुए रूपदास वैष्णव एवं तगाराम के मकान लेते हुए शान्तिबाई वैष्णव के मकान होते हुए सम्पूर्ण हिरागरों की बस्तिया लेते हुए मंछाराम हीरागर के मकान तक नारायणदास के घर से रूपदास के सामानान्तर कतार होते हुए जैसाराम घांची के घर तक। | 769 |
| 14 | इस वार्ड की सीमा प्रारम्भ जरीना बानु, तेजाराम कुम्हार होते हुए थानसिंह के मकान की कतार लेते हुए हमीराराम देवासी के घर तक एवं भंवरलाल घांची के समान्तर उत्तरी कतार लेते हुए पूर्व दिशा के मकान लेते हुए राजपुरा रोड़ भीखजी बा के नोहरे से राजपुरा मार्ग के आमने-सामने के मकानात लेते हुये मोतीराम देवासी से माधाराम घांची के घर होते हुए धीरकी देवासी से अनाराम मीणा के घर तक सोहनलाल वैष्णव दक्षिणी कतार लेते हुए नारायणदास वैष्णव के मकान तक भीखाराम घांची के फार्म हाऊस से राजपुरा रोड़ माताजी नगर होते हुए सुन्धा नगर की सम्पूर्ण बस्ती लेते हुए लादाराम मीणा राजपुरा रोड के मकान से आमने-सामने होते हुए थानाराम देवासी के घर तक तथा मोहनलाल मीणा की उत्तरी कतार लेते हुए कानाराम घांची की गली के आमने-सामने के मकानात होते हुए मुपाराम घांची के मकान तक। | 768 |
| 15 | इस वार्ड की सीमा मोटाराम चौधरी के घर से भंवरलाल चौधरी की पश्चिमी कतार लेते हुए राजपुरा रोड़ स्थित पूनाराम कुम्हार के मकान की कतार लेते हुए थानाराम कुम्हार के घर से गीगाराम ढोली के मकानात लेते हुए रमेश कुमार घांची के घर से रकबाराम, देवाराम कुम्हार की गली में प्रवेश कर आमने-सामने के मकानात होते हुए स्कूल नम्बर-03 के पीछे हिम्मताराम मीणा के मकानात लेते हुए तखतगढ़ बांध तक की कृषि भूमि में बसे मकानात लेते हुए चतराजी कुम्हार के मकान लेते हुए धोरा बस्ती के आमने-सामने के मकानात लेते हुए जगत इन्जिनियरिंग वर्क्स शॉप की कतार होते हुए गौशाला राजपुरा रोड़ नारायणलाल लौहार कुयाराम घांची का मकान लेते हुए मदनलाल कलाल की दुकान लियाकत खाजी के मकानात व जैपाराम घांची के मकान तक। | 682 |

| | | |
|---|---|---|
| 16 | इस वार्ड की सीमा बायोसा मन्दिर से प्रारम्भ कर गली की कतार लेते हुए मूलाजी छोगाजी के मकानात लेते हुए शकुर खां के मकानात को लेते हुए मदनलाल मेवाड के मकान को लेते हुए गोगाजी मन्दिर से टायर पंचर की दुकान से डूंगाराम चौधरी के घर तथा हरिश लखारा तथा शंकरलाल नरबाण एवं प्रभूजी के मकान को लेते हुए राईकावास बस्ती में हंसमुख चौधरी व शान्तिलाल चौधरी का मकान लेते हुए कन्हैयालाल माली डायाराम भूरजी का मकान की कतार लेकर गली के आमने-सामने के मकानात लेकर मूलाजी चौधरी के मकान तक पुनः नेनाराम चौधरी का मकान लेते हुए मुख्य सड़क से मामाजी गली में प्रवेश कर शंकरलाल हिरागर के मकानात की कतार लेते हुए बगदाराम हीरागर की मकान की कतार लेते हुए रामदेव मन्दिर व मांगीलाल मेघवाल के मकान व सामने समानान्तर मकान लेते हुए पुनः हरीलाल मेघवाल का मकान लेते हुए वरजुबाई तरीगर का मकान लेते हुए वगताराम तरीगर का मकान लेते हुए तथा सामने रतनलाल हरिजन का मकान लेते हुए जवाहरमल हरिजन की कतार लेते हुए मामाजी मन्दिर तक। | 570 |
| 17 | इस वार्ड का प्रारम्भ तालाब की पाल के उत्तर में स्थित डाकलों का वास में सम्पूर्ण बस्ती को लेते हुए मुख्य बाजार रोड़ मस्जिद की कतार से रेबारियों के वास रतनाराम रूपाजी देवासी की गली में सम्पूर्ण मकानात लेते हुए कलाल गली में प्रवेश कर आमने सामने के मकानात लेते हुए केवाराम सरगरा, मकनाराम हिरागर की गली के सामने सामने के मकानात लेते हुए मीणों का वास नगाराम मीणा से लादुराम मीणा की कतार लेते हुए भीकजी सोनी गली तक एवं उक्त गली से जवानमल सोनी के मकानात लेते हुए मछाराम घांची पुनाराम चौधरी भैराराम मेघवाल ताराराम मेघवाल मांगीलाल पत्रकार की गली लेते हुए मामाजी गली के नुक्कड तक एवं पुनः हनुमान मन्दिर की ओर कतार लेते हुए मेघाजी मेघवाल के आमने सामने की कतार के मकानात लेते हुए हरिजन बस्ती कान्तिलाल का मकान लेते हुए मुख्य सड़क मस्जिद के सामने धर्माजी आरा तक। | 603 |
| 18 | इस वार्ड की सीमा धोरा बस्ती में विजय लुहार के मकान से प्रारम्भ किया जाकर आंगनवाडी गौशाला की गली में प्रवेश कर आमने सामने के मकानात लेकर थानजी मेघवाल परकाजी की गली के आमने सामने के मकानात लेते बन्दारा गली के नुक्कड़ तक श्री बाबुलाल जैन रामकावा मे टॉवर वाली गली में प्रवेश कर रामकावा वास में बस्ती सम्पूर्ण बस्ती की लेकर जबरसिंह तरवाडा के मकान के दोनो ओर की गलियों एवं सब गलीयो में बसी बस्ती के मकानात लेते हुए सोनाराम चौधरी के कृषि भूमि पर बसी बस्ती एंव स्कूल नम्बर-03 के सामने जैसाराम एवं छोगाराम कुम्हार के मकान तक की बस्ती। | 677 |
| 19 | इस वार्ड की सीमा दीपजी जैन के मकान से प्रारम्भ कर खैरादियों के वास में प्रवेश कर आमने-सामने के मकानात लेते हुए मुख्य सड़क छोटू खां मकान से फतेह मोहम्मद के मकान रंगरोज गली बाल्दिया गैराज तालाब की पाल तक के | 569 |

| | | |
|---|---|---|
| | मकानात आमने-सामने लेते हुए शान्ति निवास लेते हुए मिश्रीमल गर्ग का मकान लेते हुए कचरा मुता गली में मुख्य सड़क के समानान्तर मोडजी किराणा की दुकान के समान्तर कचरा मुता गली के पश्चिमी कतार में कान्तिलाल जैन के मकान तक एवं कचरा मुता गली में मुख्य सड़क के समानान्तर मकान लेते हुए गणेशजी जैन मकान तक एवं गोगरा रोड़ सिनेमा हॉल से कोयटावाली गली की बस्तियों को लेते हुए गोगरा रोड़ कृषि भूमि बसी बस्तियो को लेते हुए श्मशान रोड़ से होली चौक तक के मकानो की कतार लेते हुए मामाजी मन्दिर घीसूलाल जैन के मकान से बलाना गली सम्पूर्ण आमने-सामने के मकानात लेते हुए मुख्य रोड़ पर बस्तियों के मकानात होते हुए पुनः बन्दारा गली में प्रवेश कर आमने-सामने के मकान लेते हुए भीकजी सोनी मकान सादो की गली जुहारमलजी जैन तक के आमने-सामने के मकानात लेते हुए मुख्य बाजार रोड़ के मकानात लेते हुए तगारामजी कुम्हार व चन्दनमल दर्जी के मकान तक। | |
| 20 | इस वार्ड की सीमा प्रारम्भ ईदाराम घांची के मकान से देवाराम घांची के मकान लेते हुए चुण्डा गली में प्रवेश कर आमने-सामने मकानात लेते हुये जवाहर चौक की उत्तरी कतार लेते हुए मोडाराम किराणा की दुकान से कचरा मुता गली की पश्चिमी कतार लेते हुए कांतिलाल जैन के मकान तक एवं मुख्य बाजार के आमने-सामने मकानात लेते हुए बाण्डी गली में प्रवेश कर आमने-सामने मकान लेते हुए गोरारा रोड़ के मकानात लेते हुए मन्दिर गली में प्रवेश कर आमने-सामने के मकानात लेते हुए मैन बाजार के मकान लेते हुए जोगनी गली में प्रवेश कर आमने-सामने के मकान लेते हुए एवं ढाकी गली में प्रवेश कर पूर्वी दिशा के मकानात की कतार लेते हुए पीरदरगाह होते हुए तालाब गली में प्रवेश कर आमने-सामने मकानात लेते हुए जैन मन्दिर जवाहर चौक पुरानी नगर पालिका के आगे-पीछे मकानात लेते हुए मनोज नामा के मकान लेते हुए जैन मन्दिर, शितला माता मन्दिर एवं कुआ तालाब की पाल होते हुए भूरमलजी संघवी के मकान होते हुए पटवार घर लेते हुए कोट गली में प्रवेश कर सम्पूर्ण बस्ती लेते हुए लक्ष्मी भवन तक। | 569 |
| 21 | इस वार्ड की सीमा ढाकी गली के पश्चिमी दिशा की कतार में मकाराम किराणा स्टोर से रेडियो वाला मकान लेते हुए पेचका गली में प्रवेश कर आमने-सामने के मकान लेते हुए लक्ष्मी जी मन्दिर होते हुए तालाब की पाल तक (पेचका) श्रीपाल भवन होते हुए कुन्देश्वर महादेव मन्दिर (बगीची) रामदेव मन्दिर होते हुए पोस्ट ऑफिस गली में प्रवेश कर आमने-सामने के मकानात लेते हुए। गोगरा रोड़ के सामुदायिक भवन के उत्तरी दिशा में जैन श्मशान विष्णु समाज बैकुण्ड धाम होते हुए जोताजी घांची के मकान लेते हुए हनुमानजी गली में प्रवेश कर मुख्य बजार की दुकान लेते हुए सांगा गली व बोकरा गली के आमने-सामने मकान लेते हुए मुख्य बजार की दुकान लेते हुए भैरू बाग गली नम्बर-03 सम्पूर्ण गली तक। | 569 |
| 22 | इस वार्ड की सीमा गोगरा रोड़ चौथमल जोशी के मकान होते हुए वीसाजी | 572 |

| | | |
|---|---|---|
| | भुबाजी सुथार के नोहरे से शान्तिलाल सुथार का मकान लेते हुए जवान जी लौहार का मकान लेते हुए रामदेवजी गली नुक्कड वरजू बाई वाडी होते हुये सुथार, गली में प्रवेश कर आमने-सामने मकान लेते भैरूबाग गली नम्बर-02 में प्रवेश कर आमने-सामने के मकान लेते हुए एवं सम्पूर्ण रामदेव गली लेते हुये आमने-सामने मुख्य बाजार की आमने-सामने दुकान लेते हुए जाडो की बगीची होते हुये लालचन्द कुन्दनमल जैन की दुकान की कतार लेते हुए लक्ष्मी मेडीकल एवं पूर्व में मनोज नाम के कार्यालय तक। | |
| 23 | इस वार्ड की सीमा पादरली चौक जगदम्बा कॉम्पलेक्स से प्रारम्भ कर गोगरा रोड़ तक मुख्य सड़क की कतार के मकानात लेते हुए बजरंगसिह जोधा के मकान से सैनिक बस्ती मे प्रवेश कर दिनेश सुथार हनुमानसिंह के मकानात सामान्तर कतार लेते हुए नवीन बालिका विद्यालय ब्रहमा कुमारी, मनोहर सिंह जोधा से बगदाजी माली तक व आमने-सामने की सैनिक बस्ती को लेकर जैसाराम लौहार नरपतसिंह की गली सागरदान के मकान तक में आमने-सामने के मकानात लेते हुए चतरदान व वैरसिंह भूरसिंह जी के मकान तक एवं पादरली रोड़ तक के आमने-सामने के मकानात लेते हुए पादरली रोड के खेताराम सुथार के गली में प्रवेश कर दीपाराम नाई, मोहन सुथार व घीसूदास पुरूषोत्तम दास के मकानात की सम्पूर्ण गली लेते हुए अम्बाजी मन्दिर बसी बस्तियों को लेते हुए चौथा राम घांची पादरली रोड तक। | 570 |
| 24 | इस वार्ड की सीमा पादरली रोड चौथाराम घांची के मकानात होते हुए सैनिक बस्ती में हनुमान मंदिर से प्रारंभ कर हीरसिंह, बंशीदास वैष्णव से हमीराराम देवासी तक की गली के आमने-सामने के मकानात लेते हुए पदारली रोड से ममलेश्वर महादेव तक के मुख्य सड़क के मकानात लेते हुए शिवम विहार कॉलोनी में जगदीश रावल के मकानात एवं पी.के. फार्म हाउस तथा सर्वोदय नगर में बसी बस्तियों के महादेव नगर के मकानात लेते हुए वालजी रावल कुए तक के पूर्व के मकानों की कतार लेते हुए भवरीबाई गिरधारीसिंह शंकरलाल घांची प्रभुराम कुम्हार की गली लेते हुए गणपत भीमाजी नाई के मकानात तक की आमने-सामने की गलियों के मकान लेते हुए गली तक। | 515 |
| 25 | इस वार्ड की सीमा प्रारम्भ पादरली चौक प्रतापजी प्याऊ से दरगाराम घांची चक्की गली में प्रवेश कर डूंगाराम नाई के मकान के आमने सामने मकानात लेते हुए वागर वास की सम्पूर्ण गलिया लेते हुए रूपदास की गली के आमने सामने के मकानात लेते हुए पुनः चक्की गली में प्रवेश कर गांधी हॉस्पिटल एवं आमने सामने के मकानात लेते हुए वीसाराम की दुकान तक एवं पूर्व दिशा में जागनाथ मन्दिर एवं धर्मशाला तक। | 643 |

---

**राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।**